ग्रेटर निगम की बोर्ड मीटिंग में गंदगी, रोड लाइट्स व विकास कार्यों का मुद्दा गूंजेगा

आयुक्त ने 27 जून को प्रस्तावित साधारण सभा के लिए जारी किया एजेण्डा

■ गत माह हुई बोर्ड मीटिंग में पार्षदों के हंगामे के कारण नहीं हो सकी थी विकास कार्यों पर चर्चा

जयपुर (कासं)। ग्रेटर नगर निगम की साधारण सभा (बोर्ड बैठक) की पांचवीं बैठक 27 जून को होगी। बैठक के लिए विकास कार्यों पर चर्चा के लिए एक एजेंडा जारी किया गया है। बैठक निगम मुख्यालय के स्वामी विवेकानंद सभासद भवन में सुबह 11 बजे से होगी। बैठक में शहर के विकास कार्यों को लेकर महापौर सौम्या गुर्जर व निगम प्रशासन पार्षदों के निशाने पर रहेंगे। आयुक्त महेंद्र सोनी ने बैठक से संबंधित एजेंडा जारी कर दिया है।

सूत्रों की मानें तो महापौर सौम्या गुर्जर की अध्यक्षता में होने वाली बोर्ड बैठक के प्रस्ताव के अनुसार वार्डों के विकास कार्य, सड़कों के लिए बजट राशि में वृद्धि करने से लेकर उद्यानों के विकास कार्य और नई स्ट्रीट लाइट लगवाने पर चर्चा होगी। इसके अलावा राजस्व बढ़ोतरी पर भी पार्षदों के सुझाव लिए जाएंगे। ऐसे में विकास कार्यों के साथ रेवन्यू वसूली को लेकर मेयर और निगम अफसर बीजेपी पार्षदों के साथ कांग्रेसी पार्षदों निशाने पर रहेंगे। इसके अलावा पार्षद अपने क्षेत्र में सड़क निर्माण, बरसाती नालों की सफाई, ओपन कचरा डिपो जैसे मुद्दों को उठाएंगे, वहीं विपक्ष इन्ही मुद्दों पर मेयर व अफसरों को घेरने की तैयारी कर रहा है। ऐसे में बैठक हंगामेदार होने के आसार है।

ज्ञात रहे कि 25 मई को हुई साधारण सभा की चौथी बैठक में 18 प्रस्ताव रखे गए। इनमें नगर निगम में किराए पर लिए ट्रेक्टर मय हाईड्रोलिक ट्रोली के अलावा लोडर आपूर्ति कार्य की बकाया राशि के भुगतान के प्रस्ताव पर पार्षदों ने आपत्ति दर्ज करवाई। इसके चलते दो प्रस्तावों को डेफर कर दिया गया। जबकि सामुदायिक केंद्रों को अत्याधुनिक सुविधाओं के अनुरूप विकसित करने, शवदाह गृह व श्मशान घाट में निःशुल्क गोकाष्ठ उपलब्ध कराने, सर्किल, डिवाइडर, तिराहा, चौराहा आदि का विकास एवं संधारण कार्य विकास समितियों से कराने, निगम मुख्यालय कैंपस के गार्डन एरिया में बेसमेंट पार्किंग विकसित करने जैसे प्रस्ताव पारित किए गए। हालांकि विकास कार्यों का आखिरी प्रस्ताव था, जिस पर चर्चा नहीं हो पाई थी। ऐसे में इस पर चर्चा करने के लिए 27 जून को बोर्ड बैठक बुलाने का निर्णय किया गया।

उधर ग्रेटर नगर निगम नेता प्रतिपक्ष राजीव चौधरी का कहना है कि वार्डों में विकास की बात करेंगे। वैसे विकास कार्य हो नहीं रहे, दूसरे बजट में हर वार्ड में 75-75 लाख रुपए के विकास कार्यों की बात की गई, लेकिन अब जाकर सिर्फ 40-40 लाख रुपए के विकास कार्य हो रहे है, बारिश के बीच सड़क बनाने से पैसों की बर्बादी करना है। बरसाती नालों की सफाई के दावे हवा-हवाई है। ओपन कचरा डिपो से लोग परेशान हो रहे है। ग्रेटर निगम प्रशासन राजस्व वसूली में फिसड्डी साबित हो रहा है।

नाला सफाई में लापरवाही और खामियां देखकर नाराज हुई महापौर मुनेश गुर्जर

परकोटे में कहीं गंदगी से अटा नाला मिला तो कहीं फेरोकवर टूटे मिले



महापौर मुनेश गुर्जर ने पार्षदों व अधिकारियों के साथ शुक्रवार को परकोटे क्षेत्र में आमेर व हवामहल क्षेत्र में चल रही नाला सफाई का जायजा लिया।

जयपुर (कासं)। हैरिटेज नगर निगम सीमा क्षेत्र में नाला सफाई और मानसून से पहले की तैयारी को देखने महापौर मुनेश गुर्जर शुक्रवार को फील्ड में उतरीं। हवामहल-आमेर जोन में निरीक्षण के दौरान उन्हें कहीं पर नाले गंदगी से अटे हुए मिले तो कहीं फेरो कवर टूटे दिखे।

सिरह ड्योढ़ी स्थित नाले में सब्बल डालकर अतिरिक्त मुख्य अभियंता एस.के.वर्मा से स्थिति पूछी, जिस पर वर्मा ने कहा नाला ब्लॉक है। इस दौरान कई जगह पर फेरो कवर टूटे मिले तो कहीं-कहीं पर नाले पत्थरों से ढके मिले। जिस पर महापौर ने नाराजगी जताते हुए कहा कि, अगर कोई व्यक्ति इसमें गिर गया तो जिम्मेदार कौन होगा? मानसून आने से पहले तमाम टूटे फेरोकवर बदलो, जहां पर नाले खुले पड़े हैं, वहां नए कवर लगाओ।

महापौर मुनेश गुर्जर ने कहा कि शहर के नाले साफ नहीं हो रहे हैं। अधिकारी कुर्सी पर बैठे हैं, लेकिन कोई राउंड लेने नहीं आता। सफाई व्यवस्था चौपट है। जयपुर का हैरिटेज क्षेत्र साफ-सुथरा दिखना चाहिए, हर जिम्मेदार पर कार्रवाई होगी। उपायुक्त और एक्सईएन पर आयुक्त कार्रवाई करेंगे और आयुक्त की बारी आई तो मैं सरकार को पत्र भेजूंगी। मेयर के साथ निरीक्षण के दौरान पार्षद सलमान मंसूरी, रोहित चांवरिया, सना वसीम, अंजलि ब्रह्मभट और अख्तर भाई मौजूद थे।

ब्रह्मपुरी के जगदीश कॉलोनी में नाले में गंदगी देखकर महापौर ने स्थानीय लोगों से बातचीत की। मेयर ने कहा कि अगर लोग सहयोग करें तो यहां पोकलेन मशीन के द्वारा नाला साफ किया जा सकता है, जिस पर लोगों ने मदद का आश्वासन दिया।

जेलकर्मियों ने कैंडल मार्च निकाल जताया विरोध

वेतन असमानता से नाराज जेलकर्मियों ने शुक्रवार को जयपुर में केन्द्रीय कारागार के मुख्य द्वार से सांगानेरी गेट स्थित हनुमान मंदिर तक कैंडल मार्च निकाला।

जयपुर (कासं)। राजस्थान में जेलकर्मी और पुलिसकर्मियों के बीच वेतन असमानता के कारण जेलकर्मियों में राज्य सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। शुक्रवार शाम को प्रदेश की सभी जेलों पर कैंडल मार्च किया गया। जयपुर में राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में केंद्रीय कारागार जयपुर के मुख्य द्वार से सांगानेरी गेट स्थित हनुमान मंदिर तक कैंडल मार्च निकालकर विरोध जताया गया।

गजेन्द्र सिंह ने कहा कि मैं भी राज्यसरकार का ध्यानाकर्षण करूंगा, क्योंकि जेलकर्मियों ने बीते 3 दिन से मैस बहिष्कार कर रखा है, इसके बावजूद उनके प्रति कोई सकारात्मक रूख नहीं अपनाया जा रहा है। इससे नाराज जेलकर्मी आगे क्या एक्शन लेते है, उसके बारे में फिलहाल कुछ कहा नहीं जा सकता।

उन्होंने बताया कि राजस्थान के पडौसी सभी राज्यों में जेल कर्मियों और पुलिस कर्मियों का वेतन बराबर है। यहां तक कि राजधानी क्षेत्र दिल्ली में यह वेतन बराबर है, गृह सचिव ने भी विगत दिनों में इस बात की घोषणा की है कि राजस्थान जेल कर्मियों को दिल्ली मॉडल के अनुसार वेतन दिया जाएगा, तो फिर यह राशि क्यों नहीं दी जा रही है। आखिर क्यों एक जेल कर्मचारी के साथ बार-बार छलावा होता है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के वादे की पालना नहीं होने से राज्य की सभी जेलों के कर्मचारी नाराज है। प्रदेश की तमाम जेलों में जेल कार्मिकों का मैस बहिष्कार व अन्य त्याग कल ड्यूटी का निर्वहन का शुक्रवार को तीसरा दिन रहा। अजमेर, जयपुर सेंट्रल जेल के अतिरिक्त कई जिला व उप कारागृहों पर जेल कार्मिक बीमार पड़े, उन्हें हॉस्पिटल भर्ती कराया गया। कई जेलों पर सद्बुद्धि यज्ञ कराया गया, टोंक जेल सहित अन्य जेलों पर मेडिकल टीम पहुंची व कई जेल कार्मिकों ने अपने संभागीय आयुक्त व कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

रामकृपाल से दिल्ली में ई.डी. की पूछताछ जारी

■ सूत्रों की माने तो मीणा से अब तक की पूछताछ में कई नाम सामने आए हैं। फिलहाल ईडी उसके द्वारा बताए गए नामों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

जयपुर। रीट परीक्षा पेपर लीक मामले में गिरफ्तार आरोपी राम कृपाल मीणा से अब ईडी दिल्ली में पूछताछ कर रही है। सूत्रों की माने तो मीणा से अब तक की पूछताछ में कई नाम सामने आए हैं। फिलहाल ईडी रामकृपाल मीणा के द्वारा बताए गए नामों के बारे में जानकारी जुटा रही है। मीणा की रिमांड खत्म होने से पहले ईडी कुछ और लोगों की भी गिरफ्तार कर सकती हैं।

पेपर लीक करने वालों के खिलाफ ईडी की जांच शुरू होने के बाद ईडी ने सबसे पहले राम कृपाल को गिरफ्तार किया था। अब उसे दिल्ली ले जाकर पूछताछ की जा रही है। सूत्रों के अनुसार ईडी की स्पेशल विंग राम कृपाल मीणा के द्वारा बताए गए नामों का भौतिक सत्यापन के साथ तकनीकी सत्यापन कर रही हैं। बताया जा रहा है कि ईडी मीणा की रिमांड अवधी खत्म होने से पहले पेपर लीक मामले में कुछ और लोगों की भी गिरफ्तार कर सकती हैं। सूत्रों के अनुसार पूछताछ में शिक्षा विभाग, आरपीएससी के कुछ नाम सामने आए हैं। मीणा ने यह भी बताया कि कुछ लोग बाहर हैं, जो इस मामले में सीधे आरोपी थे। उन लोगों की गिरफ्तारी नहीं होने से सभी लोग शांत होकर बैठ गए थे और धीरे-धीरे सेटलमेंट करने में लगे थे।

दरअसल रामकृपाल पर रीट का पेपर जयपुर शिक्षा संकुल से लीक करने का आरोप है। इसमें एसओजी ने मास्टरमाइंड भजनलाल, उदाराम बिश्नोई निवासी जालौर और रामकृपाल मीणा निवासी जगन्नाथपुरी को गिरफ्तार किया था। जांच में पता लगा कि उदाराम को रामकृपाल मीणा ने जयपुर में पेपर दिया था। परीक्षा से पहले रीट पेपर जयपुर में शिक्षा संकुल के स्ट्रॉन्ग रूम में रखा हुआ था। वहां से पेपर को रामकृपाल मीणा ने लीक किया था। रामकृपाल मीणा जयपुर में शिवशक्ति पब्लिक स्कूल चलाता है।

नशे की ओवर डोज से युवक की मौत

जयपुर। मोती डूंगरी इलाके में नाले में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। घटना की जानकारी मिलने पर मोती डूंगरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मौत संदिग्ध दिखाई देने पर पुलिस ने मौके पर एफएसएल की टीम को भी बुलाया। एफएसएल की टीम ने शव के पास से कई सबूत एकत्रित किए। शव दो दिन पुराना बताया जा रहा हैं।

मोती डूंगरी थाना पुलिस ने बताया कि मौक पर पहुंची टीम ने शव की शिनाख्त करने के लिए आसपास फोटो जारी किए इस पर मृतक की पहचान विशाल तिवाड़ी के रूप में हुई। विशाल के परिजनों को घटना की जानकारी देकर मौके पर बुलाया गया। परिजनों ने शव की पहचान की जिसके बाद शव को एसएमएस मोर्चरी में रखवाया दिया गया हैं। जहां पर मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। इसके बाद मौत के मुख्य कारणों की जानकारी सामने आएगी। शव के पास से पुलिस को कुछ नशे की पुड़िया मिली वह मृतक के मुंह से खून भी निकल रहा था। इस पर पुलिस ने पूरे मामले को संदिग्ध रखते हुए जांच करना शुरू कर दिया हैं।

एयरपोर्ट पर सुरक्षा की मॉकड्रिल

जयपुर। सांगानेर एयरपोर्ट पर गुरुवार रात स्पेशल सिक्योरिटी ऑपरेशन को अंजाम दिया गया। जिसमें कमांडोज और स्थानीय पुलिस के जवानों ने देर रात से अलसुबह तक एयरपोर्ट पर एयरक्राफ्ट एंटी हाईजैक एक्सरसाइज की। इस दौरान एयरपोर्ट पर एयरक्राफ्ट के हाईजैक होने की स्थिति में उसे आतंकियों से छुड़ाने, एयरपोर्ट के अंदर घुसे से आतंकियों को पकड़ने के साथ ही आम लोगों को सुरक्षित बाहर निकलने की एक्सरसाइज को पूरा किया गया। कमांडो ने बॉम थ्रेड और किसी भी अनहोनी से निपटने के दौरान बरती जाने वाली सावधानी को ध्यान में रखते हुए मॉक ड्रिल को पूरा किया।

सार-समाचार

देवेन्द्र सोलंकी प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत



जयपुर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा सन (1897) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजा मानवेंद्र सिंह के निर्देशानुसार अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष महाराजा नागेंद्र सिंह पोकरणा ने देवेंद्र सिंह सोलंकी को प्रदेश कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। सोलंकी के प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मनोनयन पर विजय सिंह सोनगरा, राष्ट्रीय सचिव चतुर सिंह, सोलंकी, रघुवीर सिंह, सतीश सिंह, नरेंद्र सिंह, भरत सिंह, महेंद्र पाल सिंह, सीमा कंवर, रतन कंवर, कान सिंह चौहान, प्रेम कुमार सोलंकी, रविंद्र पाल सिंह चौहान, सुरेंद्र पाल सिंह राघव, वंदना राघव, अंगद सिंह एवं रघुराज सिंह राजावत सहित अन्य समाज के लोगों ने महासभा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। साथ ही नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष सोलंकी को बधाई दी है।

51.56 लाख रु. मुआवजा देने के आदेश

जयपुर, (का.सं.)। जिले के अतिरिक्त जिला न्यायालय ने जयपुर 11 हजार केवी की बिजली लाइन टूटने के हादसे में कांस्टेबल की मौत के मामले में जेवीवीएनएल को दोषी माना है। इसके साथ ही अदालत ने जेवीवीएनएल को निर्देश दिए हैं कि वह मृत कांस्टेबल के आश्रितों को 51 हजार 56 हजार रुपए की राशि ब्याज सहित अदा करे। अदालत ने यह आदेश मृतक की विधवा सीता देवी व अन्य आश्रितों की ओर से पेश दावे पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने अपने आदेश में माना कि जयनारायण की मृत्यु बिजली के करंट से हुई थी और जेवीवीएनएल की ओर से बिजली के तारों के मेंटेनेंस के संबंध में कोई साक्ष्य पेश नहीं किया है। ऐसे में जेवीवीएनएल के उत्तरदायित्व के निर्वहन में लापरवाही के चलते ही कांस्टेबल की मौत हुई है। इसलिए जेवीवीएनएल अपने उत्तरदायित्व से बच नहीं सकता है। दावे में बताया गया कि कांस्टेबल जयनारायण एक अन्य कांस्टेबल राजवीर के साथ 24 मई, 2017 को विभागीय मामले में जांच के लिए मोटर साइकिल से नैनवा से गुरजनिया गए थे। इस दौरान अचानक आंधी-बरसात आने पर वे रोड के किनारे बनी पक्की दुकान में रुक गए। इसी दौरान वहां से गुजर रही 11 केवी की बिजली की लाइन टूटने से धमाका हुआ और पांस के ट्रांसफार्मर में आग लग गई। इसके चलते वे दोनों और दुकानदार गंभीर रूप से झुलस गए। वहीं बाद में इलाज के दौरान जयनारायण की मौत हो गई। इस पर जयनारायण के आश्रितों ने जेवीवीएनएल के खिलाफ लापरवाही का आरोप लगाते हुए क्षतिपूर्ति दावा पेश किया। इस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने जेवीवीएनएल पर हर्जाना लगाया है।

फूड, ट्रैवल-वेडिंग का महाकुंभ जयपुर में

जयपुर, (कासं)। पर्यटन उद्योग के राजस्थान रत्नों द्वारा विश्व मंच पर किये गए कार्यों को पहचान और बढ़ावा देने के लिए अपनी तरह की एक अनूठी पहल में शुभ फूड, ट्रैवल एंड वेडिंग टूरिज्म एक्सपो, समिट एंड अवाड्र्स 2023 का आयोजन शुभ वेडिंग्स द्वारा 3 जुलाई को सीतापुरा स्थित होटल क्राउन प्लाजा में होने जा रहा है। यह जानकारी शुभ वेडिंग्स मैगजीन के निदेशक, राजन कायस्थ और आरती निर्वाण ने आज दी। इस अवसर पर प्रमुख सचिव, राजस्थान पर्यटन विभाग, गायत्री राठौड़ मुख्य अतिथि होंगी। एक एक्सपो भी आयोजित होगा जिसमें उद्योग विशेषज्ञों द्वारा स्टाल भी प्रदर्शित होंगे जो पैकेज, प्रोडक्ट्स और सेवाओं के लिए कलिनरि, ट्रेवल एंड वेडिंग टूरिज्म मार्किट में नए बैंचमार्क्स स्थापित करेंगी। कार्यक्रम की सलाहकार बोर्ड समिति में ऋतुराज खन्ना, मार्रेशा पारिख, महावीर शर्मा, रणधीर विक्रम सिंह, कुलदीप चंदेला, मोहन सिंह, ख़ालिद खान, महेंद्र सिंह, पीपी खन्ना, अमरेश तिवारी, नवीन मनचंदा, सुरेंद्र कालरा और कमलेश मीरचंदानी जैसे हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री के दिग्गज लोग शामिल है।

रैकी कर सूने मकान में चोरी

जयपुर। शिप्रापथ इलाके के के जादौन नगर-ए में शातिर चोरों ने एक सूने मकान की रैकी करने के बाद चोरी की वारदात को अंजाम दिया। छत के रास्ते चोर घर के अंदर घुसे और लॉक तोड़कर अलमारी में रखी नकदी और कीमती सामान पार कर ले गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस चोरों की तलाश कर रही है। शिप्रापथ के जादौन नगर-ए में डॉ. यश गोयल के घर चोरी हुई। तबीयत खराब होने के कारण डॉ. यश गोयल का हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। हॉस्पिटल में उनकी पत्नी देख-रेख में लगी हुई है। पिछले कुछ दिनों से उनका मकान सूना पड़ा हुआ है। रैकी के बाद गुरुवार देर रात चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाया। दीवार फांदकर मकान में घुसे चोर छत के रास्ते अंदर घुसे। गेट की जाली काटकर लॉक तोड़ने के लिए घुसे चोरों ने पूरे घर की तलाश ली। अलमारी में रखे करीब 25 हजार रुपए और विदेशी सिक्के सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। शुक्रवार सुबह पडौसियों ने घर में चोरी की सूचना दी। पत्नी को भेजकर घर संभलवाने पर चोरी गए सामान का पता चला। डॉ. गोयल ने पुलिस को चोरी की सूचना दी है।

पुष्कर घाट का होगा पुनर्रूद्धार

जयपुर। राज्य सरकार प्रदेश के धार्मिक स्थलों के संरक्षण तथा उनके विकास के लिए निरन्तर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अजमेर स्थित पुष्कर घाट के पुनरूद्धार एवं विभिन्न विकास कार्यों के लिए 80 करोड़ रूपए के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है।

जबड़ा काटकर गर्दन में फंसी हुई बंदूक की गोली निकाली

एस.एम.एस. अस्पताल के डॉक्टर्स ने की सर्जरी

■ फिलहाल मरीज ठीक है, सर्जरी मुश्किल इसलिए थी, क्योंकि बायीं तरफ की खून सप्लाई करने वाली वर्टेब्रल आर्टरी को डैमेज होने से बचाना था। गोली इस आर्टरी के बिल्कुल पास आकर फंस गई थी। अगर यह आर्टरी डैमेज हो जाती तो मरीज की जान को खतरा था।

जयपुर। राजधानी के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में डॉक्टर्स ने एक जटिल सर्जरी कर मरीज के गर्दन में फंसी बंदूक की गोली को जबड़ा काटकर बाहर निकालने में सफलता हासिल की है। मरीज अब बिल्कुल ठीक है। सर्जरी में सबसे मुश्किल बायीं तरफ की खून सप्लाई करने वाली वर्टेब्रल आर्टरी को डैमेज होने से बचाना था। गोली इस आर्टरी के बिल्कुल पास आकर फंस गई थी। अगर यह आर्टरी डैमेज हो जाती तो मरीज नहीं बच पाता।

एसएमएस हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने बताया कि न्यूरोसर्जरी डिपार्टमेंट में इस माह की यह दूसरी सबसे जटिल सफल सर्जरी है। यह सर्जरी सीनियर प्रोफेसर डॉ. मनीष अग्रवाल के नेतृत्व में डॉ. रोहित बाबल, डॉ. अब्दुल रउफ गौरी, डॉ. संग्राम बल और डॉ. मोहित ने की। इस दौरान मरीज चार दिन हॉस्पिटल में ही भर्ती रहा। डॉक्टर्स के अनुसार मरीज केसरमल कोटपूतली का रहने वाला है। एक सप्ताह पहले उसे किसी व्यक्ति ने गोली मार दी थी। गोली कान और जबड़े के बीच से होकर गर्दन में जाकर रीढ़ की हड्डी और गर्दन को जोड़ने वाली जगह के पास पीछे की तरफ वर्टेब्रल आर्टरी के नजदीक फंस गई। गोली ऐसी जगह आकर फंसी थी कि उसे निकालना बहुत मुश्किल था।

डॉक्टर्स ने बताया कि काफी जांच और कंसल्टेशन के बाद प्लास्टिक सर्जरी डिपार्टमेंट के साथ सर्जरी शुरू की। गर्दन और जबड़े वाले हिस्से को काटकर माइक्रोस्कोप और फ्लोरोस्कोपी की मदद से 3 सेमी. लम्बी गोली बाहर निकाली गई। इस पूरी सर्जरी में करीब डेढ़ घंटे से ज्यादा का समय लगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान हमारी टीम का पूरा फोकस बायीं तरफ की वर्टेब्रल आर्टरी को डैमेज होने से बचाना था। सर्जरी पूरी होने के बाद प्लास्टिक सर्जरी डिपार्टमेंट के डॉक्टर आर.के. जैन और डॉ. रंजना ने ऑपरेशन से टूटे जबड़े को जोड़ दिया।

पत्नी पर कैंची से हमला

जयपुर। राजधानी जयपुर में एक युवक ने कैंची से हमला कर अपनी पत्नी को घायल कर दिया। लहूलुहान हालत में बालकनी से लटकाकर फेंकने की कोशिश की। दहेज मांग को लेकर टॉर्चर से परेशान विवाहिता ने महिला थाना (उत्तर) में रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

पुलिस ने बताया कि जालूपुरा निवासी 19 साल की विवाहिता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि सितम्बर 2022 में उसकी शादी आदर्श नगर निवासी युवक से हुई थी। परिवार ने हैसियत से अधिक दहेज देकर उसे खुशी-खुशी सुसराल भेजा था। शादी के 15-20 दिन बाद ही ससुराल वाले कम दहेज को लेकर ताने मारने लगे। आरोप है कि 20 मई को वह अपने कमरे में थी। कमरे में आए पति ने क्रेटा गाड़ी और 5 लाख रुपए मांगे, मना करने पर मारपीट की, फिर कैंची से गला काटने की कोशिश की।

राजस्थान में प्री-मानसून की बारिश 25 जून से शुरू होने की संभावना

'बिपरजॉय' चक्रवात के कारण हुई बारिश ने बढ़ाई गर्मी व उमस

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। राजस्थान में आमजन को बेचैन कर रही गर्मी और उमस से 2 दिन बाद राहत मिलने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक 25 जून से प्रदेश में प्री-मानसून की बारिश का दौर शुरू होने की उम्मीद है। ऐसे में अगले सप्ताह से प्रदेशभर में बारिश होने से गर्मी और उमस से राहत मिलना तय माना जा रहा है।

■ राजधानी जयपुर में शुक्रवार शाम को भी कुछ इलाकों में हल्की बारिश हुई

■ ग्रेटर-हैरिटेज निगम प्रशासन जोर-शोर से बाढ़ नियंत्रण की तैयारियों में जुटा

देखा जाए तो पिछले 24 घंटे में प्रदेश के अधिकांश जिलों में बादलवाही जारी रही और छिटपुट बारिश हुई। हालांकि आधा दर्जन से ज्यादा जिलों में दिन और रात के तापमान में पारा सामान्य दर्ज हुआ, लेकिन हवा में आर्द्रता बढ़ने के कारण उमस और गर्मी से लोग परेशान रहे। शुक्रवार देर शाम को जयपुर शहर के कुछ इलाकों में में हल्की बारिश हुई, हालांकि अलसुबह से ही आसमां में काले बादलों ने डेरा डाल रखा था, ऐसे में लोग भी बारिश की आस लगाए बैठे थे।

मौसम केंद्र के अनुसार अगले 48 घंटे में प्रदेश में प्री-मानसून गतिविधि शुरू होने के साथ फिर से बारिश का दौर शुरू होने वाला है। प्रदेश के कई जिलों में आगामी सप्ताहभर तक प्री मानसून बारिश होने की संभावना है। बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी वाली हवा के असर से अभी प्रदेश में आर्द्रता बढ़ने पर उमस महसूस हो रही है, लेकिन जल्द ही बारिश का दौर शुरू होने पर गर्मी और उमस से राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने आज राजधानी जयपुर समेत दौसा, अलवर, टोंक, बूंदी, कोटा, बारां, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर और अजमेर जिले में मेघगर्जन के साथ बारिश होने व 30-40 किमी प्रतिघंटे की गति से हवा चलने की संभावना जताई है।

वहीं दूसरी ओर जयपुर ग्रेटर और हैरिटेज निगम प्रशासन द्वारा जोर-शोर से बाढ़ नियंत्रण की तैयारियां की जा रही है। शहर में अलग-अलग जगह पर बनाए गए बाढ़ नियंत्रण केन्द्रों पर मिट्टी के कट्टे भरे जा रहे हैं, ताकि तेज बारिश के कारण कहीं पर मिट्टी का कटाव या फिर सड़क धंस जाए तो तुरंत राहत पहुंचाई जा सके। हालांकि निगम प्रशासन ने यह कार्य 'बिपरजॉय' तूफान के कारण जयपुर में भारी बारिश की संभावनाओं को देखते हुए पहले ही शुरू कर दिया था।

बनीपार्क फायर स्टेशन के पास नगर निगम द्वारा तैयार बाढ़ नियंत्रण केन्द्र पर शुक्रवार को दिनभर मिट्टी के कट्टे भरने का कार्य चलता रहा। फोटो-राष्ट्रदूत